



MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

वर्ष 8+16 अंक197 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 24 मई 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4



दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें



पृष्ठ-2 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार

पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## हमारा सहज स्वरूप परामात्मा से भिन्न नहीं है - निर्विकल्प स्वरूप जी

### देवताओं को इंद्रियों का दमन, दानव को कूरता से दया

सिवनी यशोः- देवताओं को इंद्रियों का दमन, दानव को कूरता से दया और मानव को दान देना चाहिए यह उपदेश ब्रह्मा जी ने दिया था, दान से धन की शुद्धि होती है, धन की तीन ही गति होती है दान भोग और नाश।

जैतपुर में चल रही भागवत कथा में ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज उक्ताशय के प्रवचन देते हुए श्रद्धालुओं को बताया कि परमात्मा के दर्शनों के साथ ही जीव आत्मस्वरूप हो जाता है और उसके पाप नष्ट होते है परमात्मा के दर्शन का ही फल है जीव अपने सहज स्वरूप को प्राप्त हो जाता है। निर्विकल्प जी ने कहा कि हमारा सहज स्वरूप परमात्मा से भिन्न नहीं है परमात्मा का अंश ही जीव है मगर अपने सहज स्वरूप को भूल जाने के कारण अनेक प्रकार के दुख भोग रहा है तो उसका इस दुख से निकलने के लिए भगवान भी अवतार ÷धारण करते हैं भगवान सबके लिए सुलभ हो इसीलिए निर्गुण निराकार से सगुण साकार हो गए



जो भगवान का निर्गुण निराकार का ध्यान नहीं कर सकते तो वह सगुण साकार का कर लें इसलिए भगवान भक्तों के कल्याण के लिए सगुण साकार भी बन जाते हैं भगवान भक्तों के आधीन हो जाते हैं और अपने भक्तों को सहज स्वरूप दे देते हैं अर्थात अपना स्वरूप प्रदान कर देते हैं।

आज कथा में लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनते हुए ब्रह्मचारी जी महाराज ने पूतना उद्धार, दैत्य, राक्षसों बकासुर, अघासुर, कालिया दमन, तृणावर्त, धेनुकासुर आदि के वध की कथा बड़े सरल रूप से जैतपुरवासी भगवद्वृन्दों को श्रवण कराई।

## स्मार्ट मीटर करेंगे जादू, बिजली गुल मतलब आपके यहां की कट गयी

सिवनी यशोः आने कुछ दिनों में बिजली कंपनी सभी

**लाईनमैन और साहब पर अब नहीं चलेगी धौंस**

उपभोक्ताओं के मीटर बदलने जा रही है जिसकी प्रक्रिया प्रारंभ भी हो गयी है । अभी तक यह होता था कि लाईट बंद होने पर बाजू वाले के यहाँ झांक कर देखते थे कि लाईट सभी की गयी या हमारे यहाँ ही बंद हुई है परंतु अब यदि लाईट बंद हो जाये तो समझ लेना कि आपका बिजली का बिल जमा नहीं हुआ । पहले लाईनमैन आत था बिजली काटने और उसे बता दिया जाता था कल पट जायेगा या बिल की राशि उसे देकर बिजली कटने से रोक दिया जाता था परंतु अब ऐसा नहीं होगा आपका बिल नहीं जमा हुआ तो अपने आप बिजली कट हो जायेगी ।

बिजली कंपनी इस प्रकार का बदलाव स्मार्ट मीटर के माध्यम से करने जा रही है । हालांकि सिवनी में इसका काम बिलंब चालू हुआ है । देश अन्य प्रदेशों एवं मध्यप्रदेश के अनेक जिलों में स्मार्ट मीटर लगाने के काम बहुत पहले चालू हो चुके है । बिजली कंपनियों को इस प्रकार के बदलाव में अनेक प्रकार के विरोध का सामना भी करना पड़ा है परंतु सरकारी काम है वह तो होगा ही । हम ही है जो किसी भी बदलाव को बहुत जल्दी स्वीकार करने सहमत नहीं होते ।

यहां बता दें कि बिजली की चोरी रोकने व रीडिंग के कार्य में लगे मीटर




रीडर को घर-घर न जाना पडे इस उद्देश्य को लेकर विद्युत विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगा रही है। विद्युत कंपनी के अधिकारियों का दावा है कि स्मार्ट मीटर जहाँ बिजली चोरी रोकने में सहायक होंगे वहीं स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को भी अने प्रकार की सुविधाएँ प्राप्त होंगी वे अपनी खपत को नियंत्रित कर सकेंगे । स्मार्ट मीटर से पता चलता है कि आप कितनी ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहे हैं. इससे आप ज़्यादा ऊर्जा का इस्तेमाल करने की स्थिति को पहचान सकते हैं और उसमें बदलाव कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर से आप अपने ऊर्जा इस्तेमाल को कम करके अपनी ऊर्जा लागत को कम कर सकते है ।

स्मार्ट मीटर से आप अपने उपभोग पैटर्न की निगरानी कर सकते हैं।

वहीं अनेक स्थानों पर इसका हो रहा विरोध में तर्क दिया जा रहा है कि विद्युत कंपनियाँ उपभोक्ताओं के जेब पर डाका डालने के लिये स्मर्ट मीटर बदल रहे है, मीटर तेज चलने का तर्क भी दिया जा रहा है । हालांकि यह सब बाते जाँच में फिजुल पायी गयी । उपभोक्ताओं को जो वास्तविक परेशानी होना है वह है कि लाईन मैन को डरा धमका कर बिजली कटने से रोक देते थे या पहुँच बड़ी है तो साहब से बात कर बिजली कटने से भयभीत नहीं रहते थे परंतु अब यह सब नहीं होगा । जैसे मोबाईल बैलेंस रहने तक चलता है वैसे ही बिजली के उपयोग के लिये भी करने की आदत बनाना पड़ेगी ।

## आवारा पशुओं से पूरा शहर परेशान एवं यातायात हो रहा बाधित

### पार्षद राजू यादव ने नगर पालिका अधिकारी से शीघ्र कार्यवाही की मांग की

सिवनी यशोः- आवारा पशुओं से पूरा शहर परेशान हो रहा है, ये पशु सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता के खतरा बन रहे है और बीमारियों और परजीवियों के प्रसार आम जनता के स्वास्थ्य के लिये खतरा बन रहे है । आवारा पशु नगर के विभिन्न इलाको में घूम घूमकर कूड़ा-कचरा फैला रहे हैं और नगर में गंदगी कर रहे है । बेहिसाब आवारा पशुओं के कारण राहगीरऔर दुकानदारों की परेशानियाँ बढ़ रही है । यह आवारा पशु राहगीरों या ग्राहकों को सींग मारकर चोटिल कर देते हैं और उनके सामान को फैला देते हैं। आवारा पशुओं के कारण सड़कों पर दुर्घटनाएं भी होती हैं।

पिछले दिनों सिवनी नगर पालिका परिषद में प्रतिपक्ष के नेता ज्ञानचंद सनोडिया एवं परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती अमित डाली डागोर सहित भाजपा के 14 पार्षदों ने नगर की विभिन्न समस्याओं के साथ नगर में आवारा पशुओं से आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग जिला कले टर को सौंपे पत्र के माध्यम से की थी परंतु आवारा पशुओं पर सिवनी नगर पालिका ने किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही की है ।

अब सिवनी नगर पालिका में विवेकानदं वार्ड से पार्षद राजेश राजू यादव ने मु य नगर पालिका



अधिकारी को पत्र सौंपकर आवारा पशुओं से शहर को निजात दिलाने की मांग की है ।

यहाँ बता दें कि नगर के हर क्षेत्र में आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी आम जनता की परेशानी का कारण बनी हुई हे । आमजनता द्वारा अनेक बार शिकायते की गयी परंतु नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये और यह परेशानी दिनों दिन बढ़ते जा रही है । पशु मालिक अपने पशुओं को बिना किसी चिंता के छोड़ देते है । शहर की हर सड़क और सार्वजनिक स्थानों के आपपास आवारा जानवारों का ढेरा लगा रहता है । बरसात होने पर यह आवारा पशु घरों के सामने बने हुये पोर्च और दुकानों के शेडो में जाकर आश्रय लेते है, इसके साथ ही आवारा पशुओं का झुंड बीच सड़क में बैठा हुआ आसानी से देखा जा सकता है जो अनेक दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे है ।



सिवनी नगर पालिका परिषद में विवेकानंद वार्ड से पार्षद राजेश राजू यादव ने मु य नगर पालिका अधिकारी को इस संबंध में पत्र लिखकर मांग की है कि शहर में आवारा पशुओं के आतंक को समाप्त करने की दिशा में गंभीरता से कार्यवाही सुनिश्चित करें अन्यथा किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना घट सकती है । जहाँ आवारा पशु बीच सड़क पर बैठक यातायात को बाधित कर रहे है वही आमआदमियों के घरों में भी रात्रि के समय बैठकर गंदगी करते है । इसी तरह आवारा कुत्ते भी झुंड के रूप में घूमते है जो आवारा पशुओं के बच्चों को अपना शिकारा बना रहे है एवं दुपहिया एवं चौपहिये वाहनों के पीछे दौड़कर वाहन चालको को भयभीत करते है अनेक दुपहिया वाहन गिरकर चोटिल भी हो रहे है । प्रातः के समय घूमने जाने वाले एवं रात्रि के समय झुंड मे घूमने वाले आवारा कुत्ते आमजनों को परेशान करते है ।

श्री यादव ने कहा कि आवारा जानवारों के आपसी संघर्ष में अनेक व्यक्तियों का नुकसान भी होता है । इन आवारा पशुओं का शीघ्रता से निदान किया जाये एवं हांका गैंगो को सक्रिया किया जाये । श्री यादव ने कहा कि आवारा कुत्तों को पकड़कर शहर के बाहर जंगलों में छोड़ने की व्यवस्था की जाये ।

## अरी में एक बस धूँ-धूँ कर जली एवं बंडोल सुदाना फै ट्री में लगी आग

सिवनी यशोः- सिवनी जिले मु यालय से 16 किलोमीटर दूर ग्राम बंडोल में स्थापित पशु आहार संयंत्र में अचानक आग लग गई । वहीं दूसरी आग लगने की घटना अरी में हुई जिसमें एक छोटी बस के चलकर खाक हो गयी ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बंडोल में स्थापित सुदाना पशु आहार संयंद्ध में में रखे रखे बोरे में सुबह के समय अचानक आग लग जाने से जब तक दमकल पहुँचता आग को ग्रामीण काबू में करने में सफल हो गये ।

हमारे संवाददाता ने जानकारी देते हुये बताया कि चर्चा के अनुसार फै ट्री के अंदर रखा 50 लाख का माल जलने से बच गया फै ट्री के अंदर आग काबू करने के लिए किसी प्रकार का अग्नि शमन यंत्र फै ट्री






फै ट्री में रखा रा मटेरियल और फै ट्री की अन्य संपत्ति बेकाबू आग में धूँ-धूँ कर चलते रही । ग्रामीण की मदद से आग को काबू किया गया । आग बूझाने के लिये दमकल वाहन भी पहुँचा परंतु में नहीं होना प्रबंधन की बड़ी लापरवाही को उजागर कता है ।

इसी तरह एक अन्य घटना में सिवनी जिले के ही अरी थाना क्षेत्र के मु यालय ग्राम अरी में सेंट्रल बैक के सामने खड़ी हुई छोटी बस में अचानक आग लग गयी और बस धूँ-धूँ कर जल गयी । बस में आग लगने के कारणों का पता नहीं लगा है । बताया जाता है उक्त यात्री वाहन वैवाहिक इत्यादि कार्यक्रम में स्पेशल बुकिंग जाती है आज अरी सेंट्रल बैंक के सामने खड़ी हुई थी उसी समय आग इस तरह से लगी की उसे बचाने का मौका भी नहीं मिला । घटना स्थल पर पुलिस पहुँचकर जांच में जुटी है ।

## खिलाड़ी बना सकते है खेलों में अपना भविष्य - निकेश पद्माकर

कुरई यशोः- संचालनालय खेल

**कुरई में आयोजित समर कैंप- नई प्रतिभाओं को निखारने का सुनहरा मौका स्थानीय सरपंच ने स्वलापहार वितरित कर बढ़ाया हौंसला**

एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के कुशल मार्गदर्शन में पूरे जिले में विगत 25 अप्रैल से निःशुल्क 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ है. जिसके चलते विकास खंड कुरई के अग्रणी पब्लिक स्कूल परिसर में प्रतिदिन बालक- बालिकाओं को नेटबॉल और कबड्डी का प्रशिक्षण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज कुरई ग्राम पंचायत की सरपंच महोदया श्रीमती तरूणा परते बच्चों का हौसला बढ़ाने खेल मैदान में पहुंची. जहां विकाखंड युवा समन्वयक निकेश पद्माकर, नेटबॉल प्रशिक्षक नरेन्द्र पवार, कबड्डी प्रशिक्षक सुश्री अंजली श्रीवास्तव एवं खिलाड़ियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर सरपंच महोदया का स्वागत किया। सरपंच महोदया द्वारा बच्चों को सिखाएं खेलों की जानकारी के साथ ही पानी, मैदान की साफ-सफाई, प्राथमिक चिकित्सा सहित अन्य व्यवस्था का जायजा भी लिया गया. खिलाड़ियों से परिचय उपरांत उन्होंने






कहा कि ये बेहद खुशी की बात है कि छुट्टी के दिनों में बच्चें घर में रहकर मोबाइल और टी.वी. देखते उससे अच्छा उन्होंने अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल का चुना है. सभी पालकों को अपने बच्चों को खेल से जोड़ने हेतु प्रशिक्षण शिविर भेजना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए सरपंच महोदया द्वारा बच्चों को स्वल्पाहार स्वरूप बिस्किट पैकट वितरीत कर प्रोत्साहित किया गया. प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को निखारने का कार्य कर रहें नेटबॉल एवं कबड्डी प्रशिक्षकों को बधाई व शुभकामनांए प्रेषित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे अतिथि का विकासखंड युवा समन्वयक श्री निकेश पद्माकर ने आभार व्यक्त किया।

इस दौरान खेल जगत मैं अपनी अलग पहचान रखने वाले प्रेरक लेखक और वक्ता विकासखंड युवा समन्वयक निकेश पद्माकर ने कहा कि वर्तमान में खिलाड़ियों को उनकी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें विकसित करने के लिए, सरकार की खेल युवा कल्याण विभाग के माध्यम से विभिन्न योजनाएं संचालित है. इन योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को विभिन्न लाभ प्रदान किए जाते है जैसे कि प्रशिक्षण सुविधाएं, खेल अकादमियां, छात्रवृति एवं अन्य आर्थिक सहयोग, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता और विभिन्न पुरूस्कारों के माध्यम से खिलाड़ियों मिलने वाले प्रोत्साहन जो उन्हें अपने खेलों का स्तर ऊंचा करने में मदद करते हैं साथ ही उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने में सहायक होते है।

मैं सभी खिलाड़ियों को कहना चाहूंगा कि सरकार द्वारा प्रदान किये जाने वाले विभिन्न योजनाओं की जानकारी से अवगत रह उनका लाभ उठाए. खिलाड़ी खेलों में अपना भविष्य बना अपने परिवार का ही नहीं अपितु पूरे देश का नाम रोशन कर सकते हैं ।

## सचिव कमलेश डहेरिया ने बेच दी लाखों की मुरम

कान्हीवाड़ा यशोः- सिवनी जनपद पंचायत में पूर्व से ही अपने भ्रष्ट कारनामों के लिए बहुचर्चित ग्राम पंचायत जोरावारी के सरपंच व सचिव कमलेश डहेरिया की मिली भगत से ग्राम पंचायत और खनिज विभाग को अंधेरे में रखकर पंचायत को होने वाली लाखों रुपये की आय को भृष्टतम तरीके से डकार लिया गया है। उल्लेखनीय है कि

ग्राम जोरावारी, मलाजपुर,जटलापुर के लोंगों को बरसात के दिनों में इस मार्ग पर आवाजाही लगभग बन्द सी हो जाती थी जिससे यंहां के निवासियों को यह दलदल युक्त मार्ग नरक सा लगता था जिसे यंहां के पूर्व क्षेत्रीय विधायक ने अपने भरसक प्रयासों से पक्की सड़क के लिए स्वीकृत कराने का अति महत्वपूर्ण काम किया जिसके फलस्वरूप इस सड़क मार्ग का टेंडर स्वीकृत होकर निजी एजेंसी के द्वारा इसका निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया ।

करोड़ों की लागत से बनने वाले इस सड़क मार्ग में जो मुरम बिछाई जाना था उसके लिए इस ग्राम पंचायत के चालाक चुस्त,भ्रष्ट पंचायत सचिव कमलेश डहेरिया ने सड़क के ठेकेदार के साथ मिलकर खनिज विभाग की सहमति व बिना कोई परमिशन लिए तथा इस पूरी सड़क में निर्धारित मात्रा में लगने वाली खनिज स पदा मुरम पत्थर की स पूर्ण रायल्टी पंचायत में जमा कराए बगैर ठेकेदार के साथ मिलकर उसे पंचायत क्षेत्र से मनमाने ढंग से खनन करने की छूट दे दी गई और इसके बदले में अवैध रूप से लाखों रुपए की काली कमाई से अपनी तिजोरी भरने का काम किया गया ।

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत जोरावारी के सचिव कमलेश डहेरिया द्वारा पंचायत के अन्य निर्माण कार्यों में भी कई फर्जी बिल लगाकर भुगतान किया गया है।जिसकी शिकायत

ग्राम पंचायत जोरावारी के कुछ जागरूक निवासियों के द्वारा पंचायत सचिव कमलेश डहेरिया के द्वारा की गई मनमानी और भ्रष्टाचार की शिकायत जिला पंचायत सी ,ई,ओ, श्रीमान नव जीवन पंवार व जिला कले टर क्षितिज सिंघल से किए जाने की अपुष्ट जानकारी प्राप्त हुई है।


दैनिक यशोन्नति की वेबसाईट पर अधिक फोटो और त्वरित समाचार लॉंगइन करें https://dainikyashonnati.com


**जबरन नॉलेज**



# भारत सहित दक्षिण एशिया का वैश्विक अर्थव्यवस्था में रहेगा दो तिहाई योगदान.

## अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 में भारत सहित एशियाई देशों के वैश्विक अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान होने की प्रबल स भावना है।




**प्रहलाद सबनानी.**

वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। अभी तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकसित देशों का दबदबा बना रहता आया है। परंतु, अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 में भारत सहित एशियाई देशों के वैश्विक अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान होने की प्रबल स भावना है। एशियाई देशों में चीन एवं भारत मु य भूमिकाएं निभाते नजर आ रहे हैं। प्राचीन काल में वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 32 प्रतिशत से भी अधिक रहता आया है। वर्ष 1947 में जब भारत ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी उस समय वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 3 प्रतिशत तक नीचे पहुंच गया था ` योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को पहिले अरब से आए आक्राताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने बहुत नु सान पहुंचाया था एवं भारत को जमकर लूटा था। वर्ष 1947 के बाद के लगभग 70 वर्षों में भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था के योगदान में कुछ बहुत अधिक परिवर्तन नहीं आ पाया था। परंतु, पिछले 10 वर्षों के दौरान देश में लगातार मजबूत होते लोकतंत्र के चलते एवं आर्थिक क्षेत्र में लिए गए कई पारदर्शी निर्णयों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख लग गए हैं। आज भारत इस स्थिति में पहुंच गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024 में अपने योगदान को लगभग 18 प्रतिशत के आसपास एवं एशिया के अन्य देशों यथा चीन, जापान एवं अन्य देशों के साथ मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था में एशियाई देशों के योगदान को 60 प्रतिशत तक ले जाने में सफल होता दिखाई दे रहा है।

भारत आज अमेरिका, चीन, जर्मनी एवं जापान के बाद विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। साथ ही, भारत आज पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में तो भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रहने की प्रबल स भावना बन रही हैं योंकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रही है, अे टोबर-दिस बर 2023 को समाप्त तिमाही में तो आर्थिक विकास दर 8.4 प्रतिशत की रही है। इस विकास दर के साथ भारत के वर्ष 2025 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की प्रबल स भावना बनती दिखाई दे रही है। केवल 10 वर्ष पूर्व ही भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और वर्ष 2013 में मोर्गन स्टैनली द्वारा किए गए एक सर्वे के अनुसार भारत विश्व के उन 5 बड़े देशों (दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंडोनेशिया, टर्की एवं भारत) में शामिल था जिनकी अर्थव्यवस्थाएं नाजुक हालत में मानी जाती थीं।

आज भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। साथ ही, वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में लगातार तेज वृद्धि आंकी जा रही है, जिससे भारत के वित्तीय संसाधनों पर दबाव कम हो रहा है और भारत पूंजीगत खर्चों के साथ ही गरीब वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए वित्त की व्यवस्था आसानी से कर पा रहा है। केंद्र सरकार के बजट में न केवल वित्तीय घाटा कम हो रहा है बल्कि आने वाले समय में केंद्र सरकार को अपने सामान्य खर्च चलाने के लिए ऋण लेने की आवश्यकता भी कम पड़ने लगेगी। दूसरे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत लगातार स्थिर बनी हुई है, जिससे विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास भी बढ़ रहा है और भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है। तीसरे, भारत में मुद्रा स्फीति पर भी तुलनात्मक रूप से नियंत्रण पाने में सफलता मिली है। अन्य देश अभी भी मुद्रा स्फीति की समस्या से जूझ रहे हैं। आर्थिक क्षेत्र में उक्त कारकों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक बने रहने की प्रबल स भावनाएं बनी रहेंगी। इसके ठीक विपरीत, जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर या तो मंदी के दौर से गुजर रहीं हैं अथवा विकास दर बहुत कम अर्थात एक-दो प्रतिशत से भी कम बनी हुई है।

भारत के स्टील उद्योग, सिमेंट उद्योग एवं ऑटोमोबाइल निर्माण के क्षेत्र ने 10 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल कर ली है। डिजिटल आधारभूत ढांचे के निर्माण के क्षेत्र में तो भारत विश्व गुरु बन गया है और इससे आज भारत में 13400 करोड़ से अधिक के डिजिटल व्यवहार हो रहे हैं जो पूरे विश्व के डिजिटल व्यवहारों का 46 प्रतिशत है। जन-धन योजना के अंतर्गत खोले गए 50 करोड़ से अधिक बैंक खातों में आज 2.32 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा हो चुकी है, जो देश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रही है। वर्ष 2013-14 से वर्ष 2022-23 के दौरान मुद्रा स्फीति की औसत दर 5 प्रतिशत की रही है जो वर्ष 2003-04 से वर्ष 2013-14 के दौरान औसत 8.2 प्रतिशत की रही थी। मुद्रा स्फीति कम रहने का सीधा लाभ देश के गरीब वर्ग को मिलता है।

साथ ही, अब तो आर्थिक विकास के साथ ही भारत में रोजगार के भी पर्याप्त अवसर निर्मित होने लगे हैं। स्कोच नामक संस्थान द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारत में वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के दौरान 51.4 करोड़ व्यक्ति वर्ष के नए रोजगार निर्मित हुए हैं। इसमें केंद्र सरकार द्वारा किये गए सीधे प्रयासों के चलते 19.79 करोड़ व्यक्ति वर्ष के रोजगार के अवसर भी शामिल हैं। शेष 31.61 करोड़ व्यक्ति वर्ष रोजगार के अवसर अपने व्यवसाय प्रार भ करने के उद्देश्य से बैंकों से लिए गए ऋण के चलते निर्मित हुए हैं। स्कोच नामक संस्थान द्वारा उक्त प्रतिवेदन 80 संस्थानों पर की गई रिसर्च (केस स्टडी) के आधार पर जारी किया गया है। सूक्ष्म एवं लघु स्तर के ऋण लेने वाले व्यक्तियों ने रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए हैं। इस प्रतिवेदन के अनुसार औसतन प्रत्येक सूक्ष्म एवं लघु संस्थान 6.6 रोजगार के नए अवसर निर्मित करता है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक के बाद अब मूडीज ने भी भारत में आर्थिक विकास के संदर्भ में बताया है कि आने वाले कुछ वर्षों तक भारत की आर्थिक विकास दर विश्व में सबसे अधिक बने रहने की प्रबल स भावना बनी रहेगी। इस प्रकार, एक के बाद एक विभिन्न वैश्विक आर्थिक संस्थान भारत में आर्थिक विकास दर के मामले में अपने अनुमानों को लगातार सुधारते/बढ़ाते जा रहे हैं। इस प्रकार, आगे आने वाले समय में भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान भी लगातार बढ़ता जाएगा और स भव है कि कालचक्र में ऐसा परिवर्तन हो कि भारत एक बार पुनः वैश्विक स्तर पर अपने आर्थिक योगदान को 32 प्रतिशत के स्तर तक वापिस ले जाने में सफल हो।

## कर्मचारी संगठनों का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने पर भड़के कमलनाथ



भोपाल। प्रदेश में कमर्चारियों और पेंशनर्स की समस्या की आवाज उठाने वाले संगठनों के रजिस्ट्रेशन अचानक से निरस्त किये जाने से कर्मचारी नेता सहित कांग्रेस भी भड़क गई है, पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि सरकार ने अपना कर्मचारी विरोधी और तानाशाह चेहरा एक बार फिर उजागर कर दिया है। उधर मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस मामले से अधिकारियों से जानकारी तलब की है।

**कमलनाथ बोले- भाजपा सरकार का कर्मचारी विरोधी और तानाशाह चेहरा एक बार फिर उजागर**

पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ ने लिखा, मध्य प्रदेश में 12 लाख कर्मचारी और पेन्शनर्स की आवाज उठाने वाले संगठनों का रजिस्ट्रेशन ख़त्म कर भाजपा सरकार ने अपना कर्मचारी विरोधी और तानाशाह चेहरा एक बार फिर उजागर कर दिया है। इनमें से कुछ संगठन 50 साल तो कुछ 30 साल से अधिक समय से पंजीकृत थे। संगठन का पंजीकरण रद्द करने का अर्थ है कि अब कर्मचारी और पेंशनर्स की ओर से ये संगठन सरकार से बात नहीं कर पाएँगे। यह सीधे-सीधे कर्मचारियों की आवाज़ को दबाना है। यह आलोकतांत्रिक और मानवाधिकारों का हनन है। स्पष्ट है कि सरकार कर्मचारियों का दमन करना चाहती है और यह भी चाहती है कि इस उत्पीड़न का कोई प्रतिरोध ना हो सके। यह एक गहरा षड्यंत्र है। मैं मु यमंत्री से माँग करता हूँ कि तत्काल इन संगठनों की मान्यता बहाल करें।

**सीएम डॉ मोहन यादव ने रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसायटी को तलब किया**

आपको बता दें कि सरकार ने ऐसे कर्मचारी संगठनों और पेंशनर्स संगठनों के रजिस्ट्रेशन समाप्त कर दिए जो लंबे समय से इनकी आवाज बने हुए थे, अब इनके रजिस्ट्रेशन समाप्त हो जाने से 7 लाख कर्मचारी और 5 लाख पेंशनर्स की आवाज उठाने वाला और सरकार से इनकी समस्या की लड़ाई लड़ने वाल कोई नहीं बचा है, पंजीयन निरस्त करने वाली संस्था उद्योग विभाग के अधीन है और इस समय उद्योग विभाग मु यमंत्री के पास है, मामला सामने आने के बाद सीएम डॉ मोहन यादव ने रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसायटी को तलब किया है, अब देखना होगा कि इस मामले में आगे या होता है।

## व्यापम घोटाला की फाइल फिर से ओपन होगी



भोपाल। मध्य प्रदेश के माथे पर कलंक, व्यापम घोटाला की फाइल फिर से ओपन होगी। सीबीआई ने ही कोर्ट में लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत की थी और अब सीबीआई ही इसे ओपन करेगी ` योंकि रिश्वतखोरी के बाद बर्खास्त इंस्पे टर राहुल राज, व्यापम घोटाले का भी जांच अधिकारी था। यह पता लगाना जरूरी है कि उसने व्यापम घोटाले की जांच में कितनी ईमानदारी और कितनी बेईमानी की है।

**गृह मंत्रालय ने मात्र 24 घंटे में बर्खास्त किया**

राजस्थान के रहने वाले सीबीआई इंस्पे टर राहुल राज को पहले रिश्वतखोरी के मामले में गिर तार किया गया और फिर बर्खास्त कर दिया गया। कोर्ट के आदेश पर फिलहाल राहुल राज जेल में है। उस पर आरोप है कि उसने नर्सिंग घोटाले में घोटालेबाजों से रिश्वत लेकर उनकी मर्जी के मुताबिक रिपोर्ट बनाई। सीबीआई की एंटी करप्शन टीम ने पूरे 3 महीने तक एविडेंस कले ट किए। इसका फायदा यह हुआ की गिर तारी के मंत्र 24 घंटे के भीतर भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा इंस्पे टर राहुल राज को बर्खास्त कर दिया गया।

**मध्य प्रदेश पुलिस ने सबूत जुटाए थे, सीबीआई ने लोज कर दिए**

अब खुलासा हुआ है कि, इंस्पे टर राहुल राज मध्य प्रदेश के सबसे बड़े व्यापम घोटाले में भी जांच अधिकारी था। सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि राहुल राज को व्यापमं महाघोटाले से जुड़े कई अहम केस की जांच भी सौंपी गई थी। अतः इस बात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है कि व्यापम घोटाला में भी रिश्वत लेकर घोटालेबाजों को लीन चिट दी गई होगी। इस प्रकार के आप पहले भी लगते रहे हैं। व्यापम घोटाला की जांच करने वाले कई पुलिस अधिकारियों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर यह दावा किया था कि उन्होंने सभी सबूत इकट्ठे कर लिए थे और घोटालेबाज को हर हाल में कोर्ट से सजा मिलनी चाहिए थी परंतु सीबीआई ने ` लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी।

**इंस्पे टर राहुल राज के बड़े कने शन थे**

राहुल राज को लेकर पूरे महकमे में चर्चाओं का दौर है। कहा जा रहा है कि राहुल राज का अधिकारियों पर भी गहरा प्रभाव था। इसलिए उसे गृहमंत्री अवॉर्ड भी मिला था। अधिकारियों को इस बात के भी पक्के सबूत मिल चुके हैं कि राहुल ने ही सीबीआई के दूसरे अधिकारियों को रिश्वत के खेल में शामिल किया था। सीबीआई के डीएसपी आशीष प्रसाद, रिषिकांत असाठे और सुशील मजोका को भी उसने ही प्रलोभन देकर गुमराह किया था।

## सीएम का अधिकारियों को निर्देश नागरिकों को पेयजल की दिक्कत ना हो



भोपाल। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव का मतदान पूरा होने के बाद दूसरी बार मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को मंत्रालय पहुंचे। मु यमंत्री डॉ. यादव ने मु य सचिव, डीजीपी समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। सीएम ने अधिकारियों को गर्मी के मौसम में पेयजल से जुड़ी लोगों की कठिनाईयों को शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के माध्यम से तुरंत निराकरण करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में हैंडपंपों की मर मत का काम होना है, वहां प्राथमिकता से सुधार कार्य करवाए। सीएम ने कहा कि पारंपरिक जल स्त्रोतों का समुचित उपयोग किया जाए। मु यमंत्री ने कहा कि अभियान संचालित कर पेयजल स्त्रोतों को उपयोगी बनाने पर ध्यान दिया जाए। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग और नगरीय विकास एवं आवास विभाग आमजन के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं नगरीय विकास एवं आवास विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में किए गए पेयजल प्रबंध की जानकारी दी।

**हर सप्ताह हो रही पेयजल प्रबंध की समीक्षा**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मनरेगा और वाटरशेड के कार्य से जल स्रोतों के री-स्ट्रक्चर पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग आगामी वर्षा काल के लिए भी योजना तैयार कर चुका है, जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल मिले और जल जनित रोगों की रोकथाम हो सके। मु यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि शासकीय विभाग परस्पर समन्वय से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता के हित में सभी जरूरी कार्य पूर्ण करें। इस अवसर पर जानकारी दी गई की प्रदेश के 400 से अधिक नगरीय निकायों में सुचारू जलापूर्ति का कार्य किया जा रहा है। प्रति सप्ताह पेयजल प्रबंध की समीक्षा भी मु य सचिव के स्तर पर और विभाग स्तर पर की जा रही है।

**25 जून तक गेहूं उपार्जन का कार्य होगा**

मु यमंत्री ने प्रदेश में चल रहे गेहूं उपार्जन कार्य के संबंध में भी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान बताया गया कि प्रदेश में 15 मार्च से गेहूं उपार्जन का कार्य चल रहा है। सप्ताह में सभी दिन यह कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। चमक विहीन गेहूं में 50 प्रतिशत खरीदी की अनुमति भारत सरकार से प्राप्त हुई है। सभी संभागों में आगामी 25 जून तक गेहूं उपार्जन का कार्य किया जाएगा। किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्हें समर्थन मूल्य के साथ ही बोनस राशि के भुगतान की व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है। मु यमंत्री डॉ यादव ने गेहूं के सुरक्षित भंडारण के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

**वित्त विभाग ने बजट पर चर्चा की शुरू**

वहीं, वित्त विभाग ने मंगलवार से प्रदेश के सभी 56 विभागों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। पहले दिन उच्च शिक्षा, ऊर्जा, कुटर ग्रामोद्योग, नवीनीकरण ऊर्जा विभाग के साथ हो गई है। यह चर्चा अलग-अलग विभाग के साथ पांच जून तक चलेगी। बता दें वित्त विभाग ने पूर्ण बजट को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। विभागों से बजट प्रस्ताव मंगाने पत्र लिख दिया गया है। जिसकी विभागों ने तैयारी भी शुरू कर दी है।

## महाकालेश्वर मंदिर पुरोहित समिति अध्यक्ष की अचानक मौत

उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में पुरोहित समिति के अध्यक्ष अशोक शर्मा का आज सुबह अचानक निधन हो गया। वह प्रतिदिन की तरह बाबा महाकाल के दर्शन करने घर से निकले थे और मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन करने ही वाले थे कि इसके पहले मंदिर के बाहर बनी मोनू तिवारी की दुकान पर अचानक उनकी तबीयत खराब हुई इसके बाद उन्हें ई-रि शा से तत्काल अवंती हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन यहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया जाता है इसके पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि आज सुबह जानकारी लगी थी कि मंदिर के बाहर स्थित मोनू तिवारी की दुकान पर श्री महाकालेश्वर मंदिर पुरोहित समिति के अध्यक्ष अशोक शर्मा उम्र 63 वर्ष की चक्कर आने के कारण अचानक तबीयत खराब हो गई है और वह बेहोश हो गए हैं। यह जानकारी मिलने के बाद मेने तुरंत महाकाल मंदिर की एंबुलेंस दुकान तक पहुंचाई थी लेकिन तब तक महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित संजय गुरु व अन्य लोग उन्हेंई रि शा से उपचार के लिए अवंती हॉस्पिटल ले गए थे

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्यभारत प्रांत के शिक्षा वर्ग प्रारंभ

**31 जिलों के कुल 656 स्वयंसेवक ले रहे हैं प्रशिक्षण**



भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ के मध्यभारत प्रांत के तरुण व्यवसायी कार्यकर्ताओं एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी कार्यकर्ताओं के लिए संघ शिक्षा वर्ग का आयोजन इटारसी एवं राजगढ़ में किया जा रहा है। दोनों ही स्थानों पर संघ शिक्षा वर्ग 18 मई से प्रारंभ हो गए हैं, जिनका औपचारिक उद्घाटन 19 मई को किया गया। इटारसी के संघ शिक्षा वर्ग का उद्घाटन वर्गाधिकारी श्री घनश्याम रघुवंशी, वर्ग कार्यवाह श्री कदम सिंह मीणा और प्रांत कार्यवाह श्री हेमंत सेठिया ने किया। वहीं, राजगढ़ के वर्ग का उद्घाटन वर्गाधिकारी श्री सुनील पाठक, वर्ग कार्यवाह श्री राघवेन्द्र त्रिपाठी और वर्ग पालक श्री विक्रम सिंह ने किया। संघ शिक्षा वर्ग में शामिल शिक्षार्थियों को शारीरिक, बौद्धिक, योग, सेवा, प्रबंधन और संघ कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। संघ का कार्य व्यक्ति निर्माण का कार्य है। 15 दिन के इस वर्ग में युवा कठोर अनुशासित दिनचर्या का पालन करते हुए अपने व्यक्तित्व को मजबूत करेंगे।

इटारसी के धुरपन ग्राम में स्थित सेवा भारती के छात्रावास आयोजित संघ शिक्षा वर्ग के उद्घाटन में वर्गाधिकारी श्री घनश्याम रघुवंशी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से प्रतिवर्ष अपने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए संघ शिक्षा वर्ग का आयोजन किया जाता है। संघ शिक्षा वर्ग में हमें मन की साधना, स्व-अनुशासन, त्यागपूर्ण जीवन, सामूहिक जीवन के सामंजस्य को सीखते हुए विविध प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त करना है। यहाँ हमें सामूहिक जीवन को व्यापक संदर्भ में समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्ग में हमें स्वयं के लिए कठोर अनुशासन का पालन करना है और अपनी सुविधा से पहले सह-शिक्षार्थियों की सुविधा का ध्यान रखना है।


राजगढ़ में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग के उद्घाटन में वर्ग कार्यवाह श्री राघवेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि संघ शिक्षा वर्ग एक साधना है। मनःपूर्वक यह साधना पूर्ण करने से कार्यकर्ता का विकास होता है और उसके भीतर संगठन कार्य का कौशल बढ़ता है। उन्होंने बताया कि संघ शिक्षा वर्ग में शामिल हुए युवा संघ कार्य का प्रशिक्षण तो प्राप्त करेंगे ही, इसके साथ ही उन्हें शारीरिक, बौद्धिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। सेवा और प्रबंधन के कार्य का प्रशिक्षण भी विशेषतौर से दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि संघ के स्वयंसेवक देशभर में डेढ़ लाख से अधिक सेवा कार्यों का संचालन करते हैं। आपात स्थिति में राहत कार्यों में भी संघ के स्वयंसेवक आगे आकर कार्य करते हैं।

**31 जिलों के कुल 656 स्वयंसेवक ले रहे हैं प्रशिक्षण**

संघ की रचना के 31 जिलों के कुल 656 स्वयंसेवक दोनों स्थानों पर आयोजित संघ शिक्षा वर्गों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनमें इटारसी में 324 स्वयंसेवक शामिल हुए हैं और राजगढ़ में 332 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया है। उल्लेखनीय है कि जिन स्वयंसेवकों ने पूर्व में 7 दिन का प्राथमिक वर्ग का प्रशिक्षण प्राप्त किया होता है और वे संघ के कार्य में सक्रिय रहते हैं, उनमें से ही चयनित कार्यकर्ताओं को संघ शिक्षा वर्ग में भेजा जाता है।

## हमारे धर्म से जुड़ेंगे उतने हम स्वयं से व भारत से जुड़ेंगे - शिवानी अग्रवाल

**दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का प्राकट्य कार्यक्रम.**



भोपाल। भोपाल के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में चल रहे दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के प्राकट्य कार्यक्रम में प्रांत से आई शिक्षार्थी बहिनों ने सात दिन के प्रशिक्षण का भव्य प्रदर्शन किया। मंच पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्याध्यक्ष के एल शर्मा जी ने कहा सनातन धर्म पर हजारों वर्षो के आघात के बाद भी खड़ा हुआ है । मु य अतिथि के रूप में सेज यूनिवर्सिटी की निदेशक शिवानी अग्रवाल ने बहिनों को अभिवादन करते हुए दुर्गावाहिनी के वर्ग को उपयोगी बताते हुए कहा कि भारत की मातृशक्ति को सशक्तिकरण की आवश्यकता नहीं स्वतः ही शक्ति स्वरूपा है।

पूर्व पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ महेंद्र शु ल जी विशेष अतिथि रहे अपने वक्तव्य में उन्होंने सभी बालिकाओं को नमन करते हुए मातृशक्ति को पुरुष की अनुगामी कहा । प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह जी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक की उपस्थित रहे। वर्ग प्रमुख सत्यकीर्ति राने ने वर्ग का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि दुर्गावाहिनी राष्ट्र को सशक्त, स्वाभिमानी, संस्कारी पीढ़ी तैयार करने का काम करेगी। शारीरिक प्रदर्शन का संचालन वर्ग की मु य शिक्षिका सुश्री आकांक्षा, सत्र का संचालन बौद्धिक प्रमुख अदिति तिवारी जी ने आभार प्रांत सह संयोजिका भावना गौर ने किया । मनचासीन अतिथियों का स्वागत मातृशक्ति की स मी हरीश, ज्योति वर्मा, कांता कुशवाह, भानु साहू ने की। प्रशिक्षण में शिक्षिका क्रमशः ज्योति कुशवाह, सोनाली नागले, रोशनी आर्य, शिल्पा महाते, शिवानी कुशवाह, मोनिका धाकड़ तनु श्री संस्कृति रजक सहित व्यवस्था प्रमुख ज्योति वर्मा दीदी रश्मि कुशवाह दीदी विभाग मंत्री राजेश साहू जी, सह मंत्री, यतेंद्र जादौन , मनीष कारा कमलेश जी नीरज प्रजापति जी सहित शहर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# तीन ओव्हरलोड ड फर जप्त



मंडला यशोः- खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कले टर मण्डला के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियाँ की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा खनिज रेत के तीन वाहन ड फर क्रमांक एमपी 04 एचई 9662, ड फर क्रमांक एमपी 20 जेडएच 7866 एवं ड फर क्रमांक एमपी 20 जेडएल 9186 को खनिज विभाग द्वारा ओव्हरलोड परिवहन करते हुये जप्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहनों को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना टिकरिया एवं थाना ब हनी की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहनों के विरूद्ध म0प्र0 खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कले टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

# पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें - डॉ. सिडाना

## गणना सुपरवाइजर, सहायक एवं माइक्रो ऑबजर्वर का प्रशिक्षण स पन्न

मंडला यशोः- लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत संसदीय क्षेत्र के बिछिया, निवास तथा मंडला विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना 4 जून को शासकीय पॉलीटें नक महाविद्यालय मंडला में संपन्न होगी। इस संबंध में रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणना सुपरवाइजर, गणना सहायक एवं माइक्रो ऑबजर्वर को ईव्हीएम मशीन एवं पोस्टल बैलेट से मतगणना संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट सहित संबंधित



उपस्थित रहे। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि ईव्हीएम और पोस्टल बैलट की गणना प्रक्रिया के दिशा निर्देशों को अच्छे से समझे। किसी भी प्रकार की शंका और जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त करें। उन्होंने मतगणना के दौरान गोपनीयता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। गणना कार्य में जल्दबाजी न करें। ईव्हीएम को चैक करके ही गणना के लिए उसकी सील खोलें। इसी प्रकार डाक मतपत्र को निरस्त करते समय कारण अनिवार्य रूप से स्पष्ट करें। प्रशिक्षण में कुशल प्रशिक्षकों द्वारा डमी ईव्हीएम एवं पीपीटी के माध्यम से मतगणना संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# सिलपुरा वाहन दुर्घटना उपचार के बाद 14 घायलों को जिला चिकित्सालय से दी गई छुट्टी

## भर्ती 6 मरीजों के स्वास्थ्य में हो रहा तेजी से सुधार

मंडला यशोः- ग्राम सिलपुरा में हुई वाहन दुर्घटना में आंशिक रूप से घायल हुए 14 मरीजों को उपचार के उपरांत जिला चिकित्सालय से छुट्टी प्रदान कर दी गई है। शेष 6 मरीजों का उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। सभी घायलों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने बताया कि बुधवार को ग्राम सिलपुरा में हुई वाहन दुर्घटना के 20 घायल व्यक्तियों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। आंशिक रूप से घायल 14 व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के उपरांत छुट्टी प्रदान कर दी गई है। 6 घायलों का जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। घायलों को प्राथमिकता के आधार पर ऐ स-रे, सीटी स्केन तथा पेथोलॉजी आदि की सुविधा का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

# प्रोत्साहन राशि पाने के लिए विभागीय कार्यवाही प्रार भ

बालाघाट। लोक सेवा आयोग और मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं की प्रार भिक, मु य व साक्षात्कार परीक्षा में चयन होने पर शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती। सहायक आयुक्त श्री पीएन चतुर्वेदी ने बताया कि 14 मई को कले टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में कार्यवाही प्रार भ करने के निर्देश दिए गए। यूपीएससी और एमपीपीएससी प्रार भिक, मु य व साक्षात्कार परीक्षा में सफल हुए अनुसूचित जाति के परीक्षार्थी के माता-पिता की वार्षिक आय 6 लाख तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के अ यर्थी के लिए वार्षिक आय 8 लाख रुपये निर्धारित है। इससे अधिक आय न होने पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इसके लिए जिले का मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, आवेदन के साथ परीक्षा का प्रवेश पत्र, स्कोर कार्ड, बैंक खाता, शैक्षणिक योग्यता, एक पासपोर्ट साइज फ़ोटो व स्वयं द्वारा प्रमाणित कर आवेदन जनजातीय कार्य विभाग में करना होगा।

# गबन तथा धोखाधड़ी के प्रकरणों की समीक्षा




म ंडला यशोः- गबन तथा धोखाधड़ी के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों की जाँच कर उनमें नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिन प्रकरणों में अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है, जल्द दर्ज कराएं। प्रकरणों में वसूली की कार्यवाही आगामी 2 माह में पूर्ण करें। कले टर ने निर्देशित किया कि सहायक आयुक्त सहकारिता के न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में कले टर ने प्रकरणवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कले ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, महाप्रबंधक सहकारिता एनके कोरी, सहायक आयुक्त सहकारिता राजेश उईके सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# लक्ष्य से अधिक उपलब्धि पर जिले को मिला प्रशस्ति पत्र

## स्व सहायता समूहों को 126.23 करोड़ के लक्ष्य के विरूद्ध 142.57 करोड़ का ऋण वितरण किया गया

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्व-सहायता समूह को लक्ष्य से अधिक ऋण वितरण कराए जाने पर मंडला जिला को राज्य स्तर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व सहायता समूहों को बैंकों से सूक्ष्म साख सीमा (सीसीएल) के कुल लक्ष्य 5176 समूह एवं राशि रूपये 126.23 करोड़ के विरूद्ध कुल 6688 स्व सहायता समूहों को राशि रू. 142.57 करोड़ का ऋण वितरण कराया गया। वार्षिक लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किये जाने के परिणाम स्वरूप राज्य कार्यालय से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रशस्ति पत्र मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मु य कार्यपालन अधिकारी मनोज पुष्प द्वारा जिला परियोजना प्रबंधक बीडी भैंसारे को प्रदान किया गया है। ज्ञात होवे कि गत वित्तीय वर्ष में भी जिले के द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध 113 प्रतिशत प्रगति दी गयी थी। इस सफलता से ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम से जुड़े ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रशस्त हुआ है। इन लक्ष्यों की पूर्ति में मिशन के विकासखण्ड स्तरीय अमले एवं जिले में संचालित समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ लीड बैंक मैनेजर सुजाय कुमार ने भी सराहनीय सहयोग प्रदान किया है।

# मृतक के परिवार को 04-04 लाख रुपये की सहायता राशि हुई स्वीकृत

बालाघाट। एसडीएम बालाघाट श्री गोपाल सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 06-04 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा अंतर्गत आकस्मिक रूप से हुई मृत्यु पर सहायता राशि स्वीकृत की है। 14 अप्रैल 2024 को ग्राम डोंगर्बोडी के तालाब में डूबने से हुई मृत्यु पर फन्दू लाल मड़ावी की वारिस पत्नी प्रमिला मड़ावी को और 21 अप्रैल 2024 को ग्राम पंचेरा स्थित कुँए के पानी मे डूबने से हुई मृत्यु पर मृतिका ठमनबाई मड़ावी की वारिस पुत्री अमीषा मड़ावी को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। वहीं एक अन्य प्राकृतिक आपदा के प्रकरण में साँप के काटने से हुई मृत्यु सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसमे 30 अप्रैल 2024 को मृतक यश मरकाम को साँप के काटने से हुई मृत्यु पर उसकी वारिस माता श्रीमती बैशाखिनबाई को 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# बाइक सवार को बचाने ट्रक अनियंत्रित होकर पल्टा

## घायल ड्राईवर को एन एच आई एंबुलेंस ने पहुंचाया नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ा हादसा टला

**ट्रक चालक सुरक्षित पैर में आई चोट,**

छपारा यशोः- 22 मई बुधवार को दोपहर नगर से डेढ़ किलोमीटर दूर ग्राम छपारा कलां के पास एन एच 44 फोरलेन सड़क पर एक बाइक सवार को बचाने में एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया और एक बड़ा हादसा ट्रक चालक की सतर्कता से टल गया इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई ट्रक चालक को पैर में गंभीर चोट आई जिसे एन एच आई एंबुलेंस ने सूचना पर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार



हेतु पहुंचाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के एन एच 44 फोरलेन के ग्राम छपारा कलां के सड़क क्रासिंग में एक बाइक सवार बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे लापरवाहीपूर्वक सड़क पार करते समय बीच सड़क पर आ गया वहीं चंडीगढ़ से हैदराबाद शिमला मिर्च भरा ट्रक क्रमांक HR74 -A -5927 के चालक इमरान ने बाइक सवार को बचाने की भरसक कोशिश में ट्रक अनियंत्रित होकर कुछ दूरी पर पलट गया और ट्रक में लोड सब्जी शिमला मिर्च के कार्टून मौके पर बिखर गए स्थानीय लोगों को द्वारा बताया गया कि उक्त बाइक सवार बुलेट में था जो दुर्घटना के बाद बगैर रुके वहां से चला गया इस दुर्घटना में ट्रक चालक इमरान को पैर एडी में गंभीर चोट आई जिसे एन एच आई एंबुलेंस ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु पहुंचाया। ज्ञात हो की एन एच 44 फोरलेन के ग्राम छपारा कलां बाईपास सड़क पर लापरवाही पूर्वक सड़क पार करते समय पूर्व वर्षों में अनेक सड़क हादसे घटित हो चुके हैं।

# आत्मनिर्भर बनने प्रशिक्षण ले रही ब्यूटी पार्लर

सिवनी यशोः- आमतौर गर्मी के मौसम में लोग घर में रहते है और दो माह तक छुट्टी का लाभ नहीं उठा पाते है लेकिन शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला की छात्राये व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत ट्रेड ब्यूटी एण्ड वेलनेस के अंतर्गत ओजेटी ऑन जाब ट्रेनिंग प्रशिक्षण प्राचार्य श्रीमति रश्मि राय तथा प्रशिक्षक कविता राय व ब्यूटी थैरेपिस्ट श्रीमति रूचि चौरसिया बरघाट रोड में दिया जा रहा है।



इस संबंध में प्राचार्य रश्मि राय ने बताया कि ब्यूटी पार्लर की आवश्यकता हर परिवार को होती है बालिकाएं घर पर ही प्रशिक्षण प्राप्त कर इस व्यवस्था को कर सकती है घर में मंगलिक कार्य हो त्यौहार हो या कोई धार्मिक कार्य सभी में महिलायें सुंदर दिखना चाहती है इस उद्देश्य से छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक कविता राय ने बताया कि 20 छात्राओं का यह ग्रुप पार्लर में सिखाये जाने वाले कोर्स के अतिरिक्त दुल्हन सज्जा, पार्टी सज्जा के गुर्रे सीख रही है।

# एएचपी पीएम आवास के अप्रोच रोड के लिए भूमि दी जाएगी



**नवीन व्यवस्थाओं के लिए कले टर ने किया निरीक्षण**

बालाघाट। बालाघाट नगर पालिका की वर्कशॉप, ढिमराटोला में एएचपी आवास और प्रस्तावित स्विमिंग पूल के लिए भूमि चिन्हाकंन के लिए कले टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने राजस्व और नपा अमले के साथ निरीक्षण किया। एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने बताया कि मुलना स्टेडियम के पीछे की ओर आदिवासी छात्रवास के पास खाली पड़ी भूमि पर नपा के लिए वर्कशॉप बनाया जाना है। भूमि चिन्हांकन कर कले टर डॉ. मिश्रा ने सीमांकन करने के निर्देश दिए है। साथ ही नगर में स्विमिंग पूल निर्माण के लिए भूमि चिन्हाकंन किया जाना है। इसके लिए आदिवासी छात्रवास के पास ही प्रस्तावित स्विमिंग पूल निर्माण के लिए भूमि चयन की गई है। वहीं ढिमरटोला में बने एएचपी टाइप पीएम आवास के लिए अप्रोच रोड का निर्माण किया जाना है। यह अप्रोच रोड़ आईटीआई के पास अतिरिक्त भूमि पर बनाया जाना है। इस स बंध में आवश्यक भूमि वापस लेने के स बंध में निर्देशित किया गया है। इस दौरान डिप्टी कले टर श्री एमआर कोल, नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, नपा के आरआई श्री बीएल लिल्हारे मौजूद रहे।

# आपदा प्रबंधन को लेकर बैठक 27 मई को आयोजित

बालाघाट। जिले बाढ़ पूर्व तैयारियों, विभागवार चेकलिस्ट पर कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करने तथा अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। बैठक 27 मई को दोपहर 12:30 बजे कले ?ट्रेड कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

# सुभरिया स्टॉप डैम निर्माण मे हुई बड़ी गड़बड़ी

मंडला यशोः- मंडला एक आदिवासी बाहुल्य ज़िला है और यहां भ्रष्टाचार के नए-नए कारनामे आये दिन सामने आते रहते हैं। ऐसा ही एक मामला जिले की ग्राम पंचायत सुभारिया से सामने आया है।

ज़िले की ग्राम पंचायत सुभरिया में वर्षा के जल को रोकने हेतु वर्तमान स्टॉप डैम की ज़रूरत को देखते हुये प्रशासन द्वारा डैम का निर्माण कराया गया । इस स्टॉप डैम के निर्माण के लिए विभाग के अधिकारियों द्वारा क्रेशर के पिछे जलो स्रोत के स्थान को उपयुक्त माना गया। वहां पर वर्तमान मैं स्टॉप डैम का निर्माण कार्य चल रहा है। यह निर्माण कार्य ग्राम पंचायत सुभारिया के द्वारा कराया जा रहा है।



हमारे प्रतिनिधियों ने जब इस स्टॉप डैम का दौरा किया तब निर्माण कार्य में कई प्रकार की गड़बड़ियां सामने आई । जिसमें से प्रमुख गड़बड़ी स्टॉप टाइम की प्लंथ को लेकर ही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीपीआर में इस स्टॉप डैम की प्लंथ चार फीट की होना था पर घटनास्थल पर मात्र 2 फीट की ही प्लंथ निर्मित की गई है। स्टॉप डैम में लगे मटेरियल की गुणवत्ता के ऊपर भी काफी सारे सवाल खड़े हो रहे है। हमारे प्रतिनिधियों द्वारा वहां चौकीदार से जब सवाल किया गया तो उसके द्वारा भी यह बताया गया कि स्टॉप टाइम की ऊंचाई मात्र 2 फीट की ही है।

यह निर्माण कार्य वर्तमान में जिले की ग्राम पंचायतों में चल रहे भ्रष्टाचार का का एक छोटा सा उदाहरण है । जिले में आये दिन भ्रष्टाचार के नए-नए मामले सामने आते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों पर तो भ्रष्टाचार चरम पर है पर दुख की बात यह है कि जि मेदार अधिकारियो से जब इस विषय में सवाल किया जाता है तब वह अपना पल्ला झाड़ते नजर आते है । ना ही जि मेदार अधिकारियों द्वारा इस पर कोई कार्रवाई की जाती है और ना ही मामले में किसी प्रकार की गंभीरता बरती जाती है।

# बस दुर्घटना में प्रभावितों के उपचार के लिए निजी डॉ टर की भी सेवाएं ली गईसभी व्यवस्थाए समय पर उपलब्ध हुई

बालाघाट । लामता थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात करीब 50 यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। एसडीएम परसवाड़ा श्री कमल सिंहसार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही ए बुलेंस के साथ पुलिस और जिला प्रशासन का अमला मौका स्थल पर पहुँचा और तमाम व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। उन्होंने बताया कि बस में बारात जा रही थी। बस की अचानक स्पीड बढ़ने से खाई में जा गिरी थी। घायलों को तुरंत लामता स्वास्थ्य कें द्र भर्ती कराकर उपचार प्रार भ किया गया। जिन यात्रियों को गंभीर



चोटें थी। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। यहाँ करीब रात 1 बजे कले टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा भी अस्पताल पहुँचे और घायलों के उपचार के लिए निजी डॉ टरों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई। उन्होंने अपनी मौजूदगी में सभी व्यवस्थाएं देखी और प्रभावितों की ऐ स-रें तथा अन्य सुविधाएं देखी। डॉ. मिश्रा ने सभी प्रभावितों की गहन जांच परीक्षण और उनके स्वास्थ्य सुधार की जानकारी हर घंटे उन्हे देने के निर्देश दिए। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि जिला अस्पताल 31 यात्रियों को लाया गया था। जिसमें 6 गोंदिया-जबलपुर रेफर किया गया। इनमें से एक महिला की बीच रास्ते मे मृत्यु हो गई। प्रभावितों के अस्पताल आते ही आवश्यक होने पर सीटी स्कैन, ब्लड टेस्ट और ऐ स-रें कर उपचार के लिए निजी डॉ ?टर गणवीर की सेवा भी ली गई। बुधवार शाम को 05 यात्रियों को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# 11 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

बालाघाट। कले टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपर कले टर श्री जीएस धुर्वे और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बुधवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि बुधवार को 11 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 992 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम



में रखा गया हैं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर, पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी श्री गजेंद्र कठाने, एजी-3 श्री विश्वेश्वर भगत, एएसआई सुरेश लिंगैय्या तथा राजनितिक पार्टी में कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, बीजेपी से संजय अग्निहोत्री बीएसपी से गगन सोनी, निर्दलीय हिमांशु सिंह कोहराम, पीपीआईडी श्री आरके लोंहारे व दिलीप श्याम कुंवर तथा पोस्टमेन श्री राकेश उइके उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297